संख्या- 2/- 135/33-2-14-3जी/14

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
2- निदेशक,
पंचायतीराज, उ0प्र0।
3- समस्त अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-2 लखनऊ दिनाक 18 फरवरी, 2014

विषय-ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित साप्ताहिक पशु मेला व प्रदर्शनी में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाना।

महोदय,

ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक पशु मेलों व प्रदर्शनियों में आवश्यक अपेक्षित मूलभूत सुविधाओं का अभाव रहता है जैसे पशुओं को पीने का पानी की व्यवस्था व अपेक्षित चारे की व्यवस्था नहीं सुनिश्चित की जाती है।

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त साप्ताहिक एवं अन्य पशु मेलों व प्रदर्शनियों में पशुओं हेतु अपेक्षित मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था यथा पेयजल, चारा, नांद पशुओं को वाहनों से उतारने एवं चढ़ाने हेतु प्लाटफार्म सड़के नाली आदि हेतु जिला पंचायतों/ग्राम पंचायतों की नीलामी से प्राप्त आय व

http://shasnadesh.up.nic.in

स्थानीय निगमों को प्राप्त आय के कम से कम 25 या 50 प्रतिशत प्राप्त आय से प्रथम वरीयता से व्यवस्था करायी जाय। कृपया पशुओं हेतु आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं आदि समय-समय पर जनपद स्तर पर अनुश्रवण कर सुनिश्चित कराया जाय।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

संख्या: (1)/33-2-14-तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, पशुधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निदेशक, पशुपालन, उ0प्र0 को इस निदेश के साथ कि उक्त की प्रति समस्त संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से प्रेषित करें।
3- उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, उ0प्र0 लखनऊ।
4- स्टाफ आंफीसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(सीताराम यादव)
अनु सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in